आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 19.09.2024 **समय : 02.10pm**

राष्ट्रपति

प्रदेश के दौरे पर आई राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने आज उज्जैन-इंदौर सिक्स लेन राजमार्ग का भूमिपूजन किया। साथ ही महाकाल लोक परिसर का भ्रमण किया। इसके पहले इंदौर में उन्होंने रेजिडेंसी कोठी परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी पौध रोपण किया।

राष्ट्रपति ने जिस उज्जैन-इंदौर सिक्स लेन हाईवे का भूमिपूजन किया है, वह 1 हजार 692 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनकर तैयार होगा। इस सड़क को ढाई साल में बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उज्जैन-इंदौर सिक्स लेन हाईवे पर्यटन, सामाजिक और धार्मिक विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने आज पहली बार महाकालेश्वर के दर्शन भी किए। उनके स्वागत में मंदिर और महाकाल लोक को फूलों से सजाया गया था। राष्ट्रपति ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत मंदिर परिसर में श्रमदान किया। महाकाल लोक के दर्शन के बाद उन्होंने त्रिवेणी सभा-मंडपम में मूर्ति बना रहे मूर्तिकारों से बातचीत की। राष्ट्रपति आज इंदौर में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को भी संबोधित करेंगी।

जम्मू-कश्मीर यात्रा पीएम

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव प्रचार के अंतर्गत आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कश्मीर में है। उन्होंने आज सुबह श्रीनगर में एक जनसभा को संबोधित किया । दोपहर बाद कटरा में श्री माता वैष्णो देवी आधार शिविर में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने डोडा में एक रैली की थी, जहां उन्होंने पिछले कई वर्षों के दौरान जम्मू-कश्मीर में अपनी सरकार के विकास प्रयासों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला था।

ईसीआई-जम्मू-कश्मीर मतदान

जम्मू-कश्मीर में कल हुए पहले चरण के विधानसभा चुनाव में पिछले 35 वर्षों में सबसे अधिक 61 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। किश्तवाड जिले में सबसे अधिक मतदान 80 दशमलव एक-चार प्रतिशत, सात जिलों के सभी 24 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। निर्वाचन आयोग ने बताया कि मतदान केंद्रों पर युवा और महिला मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में भागीदारी की। यह जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र के सुदृढ़ होने का प्रमाण है।

संशो सूचना और प्रसारण मंत्रालय - स्वच्छता

सूचना और प्रसारण मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ मिलकर विशेष अभियान 4.0 चला रहा है। यह अभियान 2 से 31 अक्टूबर के बीच चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत कार्यालय परिसर की स्वच्छता, मामलों को निपटाने, बेहतर स्थानीय प्रबंधन और संचार के विभिन्न माध्यम से जागरूकता फैलाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने सभी मीडिया इकाई प्रमुखों के साथ विशेष अभियान 4.0 की प्रगति की समीक्षा बैठक की।

शतरंज ओलंपियाड

45वें शतरंज ओलंपियाड के सातवें राउंड में भारत ने ओपन और महिला वर्ग में जीत हासिल की है। भारत ने ओपन वर्ग में चीन को 2.5-1.5 से और महिला वर्ग में जॉर्जिया को 3-1 से हराया। सातवें राउंड के बाद, भारतीय

पुरुष और महिला टीमें 14-14 अंक हासिल कर अजेय रही हैं। भारत का सामना अब ओपन वर्ग में ईरान और महिला वर्ग में पोलैंड से होगा।

स्कॉलरशिप

शिक्षा की गुणवत्ता और समानता को बढ़ावा देने के लिये अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा स्कॉलरशिप की घोषणा की गई है। यह स्कॉलरशिप जरूरतमंद छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये आर्थिक सहायता प्रदान करेगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2024 निर्धारित है।

मौसम

प्रदेश में अब मानसून की गतिविधियों पर ब्रेक लग गया है। बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम कमजोर पड़ने से प्रदेश में 22 सितंबर तक तेज बारिश का अलर्ट नहीं है। आज प्रदेश के ज्यादातर जिलों में धूप खिलेगी। प्रदेश में अब तक औसत 41.7 इंच बारिश हो चुकी है। यह सामान्य से 12 प्रतिशत अधिक है। भोपाल, मंडला, सिवनी, श्योपुर, सागर और निवाड़ी ऐसे जिले हैं, जहां 50 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है। दूसरी ओर, इंदौर, उज्जैन और रीवा संभाग पिछड़े हुए हैं। यहां के ज्यादातर जिले सामान्य बारिश से काफी पीछे हैं।